तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा से मौत पर सहायता राशि मंजूर

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें सांप काटने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सेनभांठा की मृतका पुनिया बाई यादव के पति धीरपाली यादव के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### 2 मृतक के परिजनों के लिए मदद राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** दुर्घटना में 2 मृतक के परिजनों को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दो-दो लाख रुपए के मान से कुल 4 लाख रुपए की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में सरायपाली विकासखंड अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर भोथलडीह के पास ग्राम भोथलडीह निवासी रतनलाल बरिहा की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी पत्नी रैवारी बरिहा को तथा जलगढ़ चौक के पास हुए दुर्घटना में ग्राम केसरटाल निवासी अशोक साहू की मृत्यु होने पर उनके विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी पत्नी गीता साहू को दो-दो लाख रुपए की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### बायोमेट्रिक अपडेट के लिए शिविर 10 फरवरी तक

**महासमुंद।** जिले में 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छूटे हुए स्कूली छात्रों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर 10 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर बीआरसी व संकुल स्तर पर संकुल समन्वयकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविरों में आधार ऑपरेटरों के माध्यम से विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेट किया जाएगा। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा आज

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समस्त बीएससी द्वितीय एवं अंतिम वर्ष (गणित) विषय के नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व परीक्षार्थियों की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 20 फरवरी को सुबह 09 से विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में समस्त नियमित, अमहाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। समस्त परीक्षार्थी फाइल के साथ उक्त परीक्षा दिवस को प्रातः 09 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## तीन मामलों में 93 लाख रुपए का गांजा जब्त, छह लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ पशु चारे की बोरियों के नीचे से 140 किलो गांजा बरामद

ऑपरेशन निश्चय के अंतर्गत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व पुलिस ने 12 घंटे के भीतर तीन कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 187 किलो गांजा बरामद किया है। इस की कीमत 93 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गोयनाबाहरा रोड के पास घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक यूपी 60 सीटी 5791 को रोका। तलाशी लेने पर ट्रक के डाले में रखे पशु चारे की बोरियों के नीचे से 140 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपी रविशंकर यादव (बिहार) और सुनील चौहान (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 70 लाख रुपए का गांजा और 16 लाख रुपए का ट्रक को जब्त किया। ये आरोपी गांजा को बेचने ओडिशा से यूपी ले जा रहे थे।



### स्कूटी के जरिए तस्करी

वहीं पुलिस ने नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान बिना नंबर की स्कूटी रोकी । जिसमें सवार दो युवकों के पास से 23.30 किलो गांजा मिला। आरोपी पुष्पेंद्र साहू और योमेश यादव (दोनों निवासी दुर्ग) से 11.65 लाख रुपए का गांजा, स्कूटी जब्त की गई है।

### बाइक से गांजा परिवहन

इसी तरह खल्लारी पुलिस ने हाईवे पर बाइक रोककर ली गई तलाशी में प्लास्टिक की एक बोरी मिली। इसमें 23.79 किलो गांजा था। आरोपी अभिषेक यादव और दीपक चंदन निवासी दुर्ग के कब्जे से 11.89 लाख का गांजा और बाइक बरामद किया गया।

### श्रमिक सम्मेलन : विधायक ने कहा-श्रमिकों का जीवन स्तर उठाना मंडल का मुख्य उद्देश्य

## निर्माण एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक प्रदेश के विकास और अर्थव्यवस्था की रीढ़: रामप्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ 3,106 पंजीकृत श्रमिकों के खातों में 1 करोड़ 51 लाख 57 हजार से अधिक की सहायता राशि अंतरित, जिले में विशाल श्रमिक सम्मेलन आयोजित


जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में शहर के बीटीआई रोड स्थित विधायक कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ।

श्रमिकों के सम्मान एवं उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से आयोजित उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, स्काउट एवं गाइड के राज्य आयुक्त इन्द्रजीत सिंह गोल्डी एवं स्काउट एवं गाइड के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिले के 3106 पंजीकृत श्रमिकों के खातों में 1 करोड़ 51 लाख 57 हजार 630 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। इस अवसर पर श्रमिकों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रामप्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश के सभी जिले में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है तथा जिले में 3 हजार से ज्यादा श्रमिकों को 1 करोड़ 51 लाख रुपए से ज्यादा की राशि उनके खाते में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। निर्माण एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके सम्मान, सुरक्षा एवं कल्याण को सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए श्रमिकों से अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पवन पटेल, मनीष बंसल, अमन वर्मा, अरविन्द प्रहरे, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, बड़ी संख्या में श्रमिकगण एवं श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।




### समाज व राज्य की प्रगति की रीढ़ हैं श्रमिक: योगेश्वर

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि श्रमिक समाज व राज्य की प्रगति की रीढ़ है और उनके उत्थान के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्रमिकों एवं गरीब वर्ग के कल्याण के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएँ प्रारंभ की गई हैं। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिक परिवारों को सामाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है।

### श्रमिकों को मिलेगा 125 दिन का सुनिश्चित रोजगार: पूनम

पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर ने कहा कि जी-राम-जी योजना के अंतर्गत अब श्रमिकों को 125 दिवस का सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, साथ ही उन्हें उनके श्रम का वाजिब मूल्य भी मिलेगा। उन्होंने विकसित भारत अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### देश की उन्नति में श्रमिकों की भूमिका अहम: डॉ. चोपड़ा

पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि देश की उन्नति में श्रमिकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सुई से लेकर हवाई जहाज तक हर वस्तु के निर्माण में मजदूरों का परिश्रम जुड़ा होता है। बिना श्रमिकों के किसी भी प्रकार के विकास और निर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने आगे कहा कि मजदूरों के कठिन परिश्रम और योगदान को सम्मान देने तथा उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य सरकार द्वारा कर्मकार कल्याण मंडल का गठन किया गया है।

### योजनाओं से लाभान्वित हो रहे श्रमिक: ऐतराम

भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि कोई भी देश और अर्थव्यवस्था के निर्माण में श्रमिकों का योगदान महत्वपूर्ण है। श्रम विभाग में अनेक योजनाओं द्वारा लाभान्वित किया जा रहा। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से गरीब, श्रमिक एवं वंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।





### ढाई साल में 26256 श्रमिक लाभान्वित हुए: श्रम अधिकारी

श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने अपने विभागीय प्रतिवेदन में बताया कि विगत ढाई वर्षों में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 44 हजार 373 हजार श्रमिक पंजीकृत हुए है तथा 42 हजार 116 श्रमिकों के पंजीयन का नवीनीकरण किया गया है। इन ढाई वर्षों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अब तक 26 हजार 256 श्रमिकों के खातों में 23 करोड़ 43 लाख 94 हजार रुपए अंतरित कर उन्हें लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में विगत 2 वर्षों में 287 शिविर कैम्पों के माध्यम से 28,526 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है।

### ई-रिक्शा बनेगा ललिता की आय का स्रोत

श्रमिक सम्मेलन में दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत महासमुंद नयापारा वार्ड की निवासी ललिता महानंद को ई-रिक्शा प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि ई-रिक्शा उनके परिवार के आय का मुख्य स्त्रोत है। उनके परिवार में 3 बेटियां है और पति भी मजदूरी करते हैं। अब इस योजना की सहायता से वे अपने परिवार को आर्थिक संबल दे पाएंगी। उन्होंने कहा कि इस योजना ने मेरी जिंदगी बदल दी है। योजना अंतर्गत एक लाख रुपए की सब्सिडी राशि मिलती है।





### 5 लाख 85 हजार 971 लोगों ने खाई फाइलेरिया की दवा, 5 दिन शेष

**महासमुंद।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर लोगों को दवा का सेवन कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि अब तक जिले में 56 प्रतिशत कवरेज प्राप्त किया जा चुका है। जिले में कुल 10 लाख 42 हजार 760 योग्य हितग्राहियों को दवा सेवन के लिए चिन्हित किया गया है, जिनमें से अब तक 5 लाख 85 हजार 971 लोगों को दवा खिलाई जा चुकी है। शेष हितग्राहियों तक पहुंचने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार कार्य कर रही हैं, ताकि 25 फरवरी तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा का सेवन अवश्य करें। यह दवा पूर्णतः सुरक्षित एवं प्रभावी है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों तथा एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं दी जाती है। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. वीपी सिंह ने जानकारी दी कि एमडीए के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों की निगरानी में दवा का सेवन कराया जा रहा है। जिला सलाहकार एकेश्वर शुक्ला एवं बीके साहू ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान की निरंतर निगरानी की जा रही है।

### आत्महत्या रोकथाम के लिए कार्यशाला का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर के निर्देशन एवं नीलू घृतलहरे डीपीएम, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बेलसोंडा एवं शासकीय स्कूल बेलसोंडा के छात्रों तथा जनप्रतिनिधि, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम के विषय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला हॉस्पिटल महासमुंद से डीएमएचपी की टीम से खोमन लाल, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर और देव कुमार डडसेना योग ट्रेनर का विशेष सहयोग रहा।

### महतारी सदनों का निर्माण कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में पंचायतों का चयन

## महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पंचायतों में बनेंगे महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और पंचायतों को अधिक अधिकार देने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर अब महतारी सदनों का निर्माण कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। लंबे समय जनप्रतिनिधियों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए लिए गए इस निर्णय से जहां एक ओर पंचायतों की भूमिका और जिम्मेदारी बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों के लिए सशक्त मंच उपलब्ध होगा। महतारी सदन महिलाओं के लिए बैठक, प्रशिक्षण, स्व-सहायता समूह की गतिविधियों एवं आजीविका संवर्धन का केंद्र बनेंगे।

ग्राम पंचायतों को कार्य एजेंसी बनाये जाने पर कार्य प्रक्रिया में तेजी आएगी। इसके लिए विभाग द्वारा मार्गदर्शिका भी जारी की गई है। जिसके अनुसार महतारी सदन हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा दी जाएगी तथा तकनीकी मार्गदर्शन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यों की नियमित निगरानी एवं मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाएगा। स्वीकृति के लिए निश्चित प्रक्रिया भी तय की गयी है।



कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन भी तैयार किया गया है। कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का प्रतिवेदन जिला पंचायत के माध्यम से प्रत्येक माह की 05 तारीख तक संचालक पंचायत, संचालनालय छत्तीसगढ़ को अनिवार्यतः उपलब्ध कराना होगा। प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति के पश्चात एक माह के भीतर कार्य प्रारंभ करना आवश्यक होगा तथा 06 से 08 माह के भीतर कार्य पूर्ण कराने की जिम्मेदारी भी कार्य पंचायतों की होगी।

महतारी सदनों के निर्माण से ग्राम पंचायतें अधिक सशक्त होंगी और गांवों में महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह पहल राज्य में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाली साबित हो रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य में 368 महतारी सदनों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिसके लिए प्रति महतारी सदन 30 लाख रुपए की लागत निर्धारित की गई है, जिसकी शत-प्रतिशत राशि राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में स्वीकृत 368 महतारी सदनों में से 137 का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष निर्माणाधीन हैं।

### तरेकेला भूमि प्रकरण में दूसरे पक्ष ने लगाया जमीन को समिति के नाम कर बेचने की साजिश का आरोप

**महासमुंद।** ग्राम तरेकेला स्थित कबीर कुटी आश्रम की भूमि को लेकर चल रहे विवाद पर महंत हरीश चंद्र दास ने कहा कि संबंधित भूमि खसरा नंबर 54, 56, 76, 78, 79 एवं 838, कुल रकबा 4.40 हेक्टेयर, राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। नायब तहसीलदार द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है और भूमि पर कृषि कार्य, विद्युत कनेक्शन एवं सहकारी समिति में धान विक्रय के अभिलेख उपलब्ध हैं। लखन निषाद एवं राजनीतिक संरक्षण पर आरोप लगाते हुए महंत हरीश चंद्र दास ने कहा है कि लखन निषाद द्वारा अवैध रूप से भूमि पर कब्जा कर समिति के नाम नामांतरण कराने का प्रयास किया जा रहा है। भूमि स्वामी की विधिवत अनुमति के बिना समिति का पंजीयन कराया गया। साथ ही विद्यालय संचालन बिना वैधानिक स्वीकृति के किया जा रहा है। भूमि को समिति के नाम दर्ज कर भविष्य में विक्रय कर "बंदर-बाँट" करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में कुछ स्थानीय राजनीतिक व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों का अप्रत्यक्ष संरक्षण प्राप्त होने की आशंका है, जिसके कारण प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। महंत हरीश चंद्र दास ने कहा कि बिना तथ्यात्मक जांच के किसी पक्ष का समर्थन किया जाता है अथवा भूमि को समिति के नाम दर्ज कराने की कोशिश किया जाना जनहित एवं विधि के विरुद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि को समिति के नाम दर्ज कर निजी लाभ हेतु बेचने का कोई भी प्रयास गैरकानूनी है। यदि ऐसे किसी षड्यंत्र के प्रमाण सामने आते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध न्यायालय की शरण ली जाएगी।


तरेकेला कबीर आश्रम की 12 एकड़ जमीन पर फर्जीवाड़े का आरोप

## खबर संक्षेप



### सूने मकान का ताला तोड़ कर नगदी जेवर पार

**रायपुर।** गंज थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ सूने मकान का ताला तोड़ कर एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत की नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चूना भट्ठी निवासी दीपक कुमार साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। दीपक ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़ कर आलमारी में रखी नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गया। पुलिस घटना स्थल के पास मिले सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर पतासाजी करने में जुटी है।

### एपीके फाइल भेज कर ढाई लाख की ठगी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना में एक महिला ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ एपीके फाइल भेज कर उसके तथा उसकी बेटी के अकाउंट से ढाई लाख रुपए आहरण कर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवधपुरी कालोनी निवासी निर्मला मलिक ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने एपीके फाइल का लिंक भेजा। लिंक क्लिक करने पर महिला तथा उसकी बेटी के अकाउंट के ढाई लाख रुपए अज्ञात के अकाउंट में ट्रांसफर हो गए।

### ईओडब्लू-एसीबी चीफ एएसपी और डीएसपी को निचली अदालत से राहत

**रायपुर।** कोल घोटाला में आरोपी निखिल चंद्राकर के ईओडब्लू के अधिकारियों द्वारा धारा 164 के तहत कलमबंद बयान को फर्जी होने के आरोप में दायर परिवाद को निचली अदालत ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर होने की बात कह कर खारिज कर दिया। निखिल चंद्राकर के बयान को बाहर टाइप करवाने का आरोप लगाकर बचाव पक्ष के वकील ने ईओडब्लू, एसीबी के चीफ अमरेश मिश्रा, एडिशनल एसपी चंद्रेश ठाकुर और डीएसपी राहुल शर्मा के खिलाफ कोर्ट में परिवाद पेश किया था। आकांक्षा बेक की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि कानून के अनुसार जिस अदालत में बयान या दस्तावेज पेश किए गए हों, उसी अदालत को उस पर सुनवाई का अधिकार होता है। इस मामले में धारा 164 के तहत दर्ज बयान से जुड़ा मुद्दा उठाया गया था, लेकिन इस अदालत को उस पर सुनवाई करने का अधिकार नहीं है। इसीलिए शिकायत खारिज की जाती है।

### वित्तीय अनियमितता की जांच और एफआई करने सीडीबीई की मांग

**रायपुर** । छत्तीसगढ़ डायसिस बोर्ड ऑफ एजूकेशन (सीडीबीई) के प्रतिष्ठित सालेम इग्लिस स्कूल में चल रहा वित्तीय विवाद अब केन्द्र में आ गया है। विद्यालय के पूर्व प्राचार्य और उनके कार्यकाल से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर पुलिस कमिश्नर रायपुर के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज करवाते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग रखी है। डायोसिस प्रशासन के अनुसार संस्था द्वारा गठित विभागीय जांच समिति की रिपोर्ट में 2.50 से 3 करोड़ तक की वित्तीय अनियमितताओं की आशंका जताई गई है। रिपोर्ट में विद्यालय निधि के उपयोग में गड़बड़ी, लेखा अभिलेखों में हेराफेरी, कर्मचारियों के ईपीएफ की राशि समय पर जमा न किए जाने का आरोप है।
संस्था का दावा है कि कर्मचारियों की भविष्य निधि से संबंधित लगभग 1.80 करोड़ की लंबित राशि को बाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप से चरणबद्ध तरीके से जमा कराया गया, इससे कर्मचारियों को राहत मिली। इतनी बड़ी राशि समय पर क्यों जमा नहीं की गई, इसे भी जांच का विषय बताया है।
डायोसिस प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि जैसे-जैसे वित्तीय जांच आगे बढ़ी, उसी दौरान वर्तमान प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध कथित भ्रामक आरोपों का प्रसार शुरू हुआ। संस्था का कहना है कि यह प्रयास जांच प्रक्रिया से ध्यान भटकाने की मंशा से किया है। डायोसिस का तर्क है कि हम किसी व्यक्ति विशेष को निशाना नहीं बना रहे हैं।

# जंगलबेड़ा में प्रस्तावित सोलर प्लांट के विरोध में कांग्रेस का आज धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले के सरायपाली ब्लॉक के ग्राम जंगलबेड़ा में प्रस्तावित गोदावरी सोलर प्लांट के विरोध में चल रहे आंदोलन को जिला कांग्रेस कमेटी ने समर्थन दिया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष व विधायक द्वारिकाधीश यादव शुक्रवार 20 फरवरी को कांग्रेसजनों के साथ एसडीएम कार्यालय, सराईपाली में आयोजित धरना कार्यक्रम में शामिल होकर आगामी रणनीति तय करेंगे।

गौरतलब है कि सरायपाली ब्लॉक के ग्राम जंगलबेड़ा में करीब 400 एकड़ भूमि पर यह प्लांट प्रस्तावित है। इसके विरोध में ग्रामीण लंबे समय से लामबंद हैं और विभिन्न माध्यमों से अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। बावजूद इसके शासन-प्रशासन द्वारा अब तक ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। सरायपाली विधायक चातुरी नंद द्वारा मामला संज्ञान में लाए जाने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी ने ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक द्वारिकाधीश यादव 20 फरवरी को दोपहर एक बजे कांग्रेसजनों के साथ एसडीएम कार्यालय, सराईपाली में धरना देकर आंदोलन को समर्थन देंगे।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि ग्राम जंगलबेड़ा में बिना ग्रामसभा की एनओसी के प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जो नियम विरुद्ध है। ग्रामसभा की सहमति के बिना किसी भी परियोजना की गतिविधि वैधानिक नहीं मानी जा सकती।

साथ ही लीज डीड एवं कलेक्टर के आदेशों का उल्लंघन किया जा रहा है। प्रावधानों के अनुसार आबंटित भूमि में स्थित किसी भी पेड़ की कटाई बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के निषिद्ध है, लेकिन बिना अनुमति पेड़ों की कटाई की गई है, जिसकी पुष्टि तहसीलदार की जांच प्रतिवेदन से भी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्लांट प्रबंधन द्वारा ग्राम पंचायत की निस्तार भूमि, तालाब एवं एनीकट को पाटकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। प्रबंधन की मनमानी और प्रशासन की सुस्त कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीणों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## बनसिवनी में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को कराया गया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

समाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार घृतलहरे पिता गिरधारी लाल घृतलहरे के जन्मदिन पर आंगनबाडी केंद्र बनसिवनी में बच्चों को न्योता भोज कराया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता रात्रे एवं सहायिका बिंदेश्वरी घृतलहरे तथा मेरे परिवार के लोग भी इस न्योता भोज का आनंद लिया। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता रात्रे ने अभार व्यक्त किया और भविष्य में गांव के लोगों से अकील की है कि जन्मदिन, वर्षगांठ, पुण्यतिथि में अपने स्वेच्छा के अनुसार न्योता भोज का कार्यक्रम करा सकते हैं। प्राशा बनसिवनी में सभी बच्चों को मिठाई भी बांटी गई।

## हाईस्कूल के छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

**सरायपाली।** शासकीय हाईस्कूल रोहिना में कक्षा 10 वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन रखा गया।



मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नेपाल साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में व्याख्याता कमलेश साहू, क्रांति कुमार साहू, शिक्षक लक्ष्मण पटेल, अनिल कुमार पटेल, कैलाश कमार, हराधन चौधरी, लीला पटेल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। 9वीं के छात्रों ने 10वीं के छात्रों के साथ बिताए गए मधुर स्मृतियों को स्मरण किया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने स्कूली जीवन के 5 वर्षों का अनुभव साझा किया और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही निवेदन भी किया कि इस तरह से हमेशा प्रेम और आशीष मिलता रहे। प्राचार्य अजय जायसवाल ने अपने उद्बोधन में छात्रों से कहा कि हमेशा चरित्र और अनुशासन को जीवन में बनाए रखें। व्याख्याता कमलेश साहू ने कहा कि मुसीबतों से न घबराकर साहस के साथ संघर्ष करने का गुण ही हमें आगे ले जाती है। इसीलिए हर चुनौतियों का सामना करते हुए निरंतर पढ़ाई जारी रखने का सुझाव दिए। उन्होंने कक्षा दसवीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर एक हजार रुपए पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम को एसएमडीसी अध्यक्ष नेपाल साहू एवं अन्य शिक्षकों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर दसवीं के छात्रों को विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'बढ़ते कदम', श्रीफल, लेखनी देकर सम्मानित किया गया तथा इस सत्र में उनके द्वारा निभाए गए विभिन्न दायित्वों को रेखांकित करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दसवीं

# आंगनबाड़ी भवन के मरम्मत कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

वार्ड क्रमांक 12 पिटियाझर स्थित आंगनबाड़ी भवन के मरम्मत कार्य का निरीक्षण करने नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद कल्पना सूर्यवंशी, पार्षदगण माखन पटेल, पीयूष साहू, भाजपा युवा नेता गौरव राठी पहुंचे।

गौरतलब है कि छग शासन के महिला बाल विकास से शहर के 27 आंगनबाड़ी भवन के मरम्मत के लिए लगभग 22 लाख की राशि नपा को दी गई है। जिसके तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी में 80 हजार रुपए के मरम्मत एवं रंग पोताई कार्य कराया जाना है। वार्ड क्र.12 के आगंनबाड़ी कार्यकर्ता ने गुणवत्ता को लेकर पार्षद से शिकायत पर निरीक्षण किया गया। भवन के फ्लोर में लगाए जाने वाले टाइल्स नान ब्रांडेड है तथा घटिया क्वालिटी का देखा गया। ठेकेदार को साफ हिदायत दी गई कि मरम्मत कार्य में कोई लापरवाही न बरते। टाइल्स क्वालिटी की अच्छी होनी चाहिए। छत भी बरसात में टपकता है, इसके लिए वाटर पुलिंग करें। नपा के इंजीनियर हेमंत पिसदा को राठी ने दूरभाष पर तत्काल निरीक्षण करने कहा और यह भी बताया कि ठेकेदार को भुगतान तब ही होगा जब महिला बाल विकास के अधिकारी से संतुष्टि प्रमाण पत्र प्राप्त होगा, इसका ध्यान रखे और यह भी कहा कि नपा ने मरम्मत का टेंडर नही किया है। बिना टेंडर के ठेकेदार से काम हो रहा है, जो बड़ी लापरवाही के साथ-साथ निविदा नियमों की अनदेखी है। भविष्य में इसके कारण नपा को तकलीफों का सामना करना पड़ सकता है। राठी यह भी कहा कि महिला बाल विकास के अधिकारी को भी मरम्मत निर्माण कार्य का निरीक्षण करना चाहिए।



# बसना में पत्रकारों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी से मचा बवाल, पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर की सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बसना

बसना थाना क्षेत्र में पत्रकारों के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना से आक्रोशित पत्रकारों ने पहले थाना में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से नाराज पत्रकारों ने सामूहिक रूप से पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। थाना स्तर पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज पत्रकारों ने एकजुट होकर महासमुंद स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई, ताकि भविष्य में पत्रकारों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान, प्रदेश सचिव आरके दास, ब्लॉक अध्यक्ष अरुण साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश सिंहा एवं उत्तर कौशिक, जिला अध्यक्ष गेंददास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष अभय द्वितलहरे, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश पटेल एवं इब्राहिम कादरी, ब्लॉक सचिव बसंत साहू, संगठन सचिव फिरोज खान, ब्लॉक मीडिया प्रभारी दीपक जगत, कुंजराज यादव, दशरथी चौहान, जीत यादव, देशराज दास, मनहारण सोनवानी, गौरीशंकर मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। पत्रकारों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।





## गुरु गोवलकर की मनाई गई जयंती

**सरायपाली।** माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर (गुरुजी) की जयंती हायर सेकेंडरी विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई। जन्मदिन के अवसर पर एसएमडीसी के अध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल ने गुरुजी के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा दिये गये उपदेशों को जीवन में आत्मसात करने के लिए संदेश दिया। इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार दास, सदस्य प्रकाश हमदेव, मंगतराम यादव, प्राचार्य सहदेव प्रधान सहित स्टॉफगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पीएन पाणिग्राही ने किया।

# आरटीओ एजेंट को किया डिजिटल अरेस्ट, 17 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हाईटेक जालसाजों द्वारा लोगों के साथ ठगी करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। ऐसे ही एक मामले में एक जालसाज ने टिकरापारा थाना क्षेत्र के एक रहवासी तथा उसके परिवार को डिजिटल अरेस्ट कर 17 लाख 15 हजार रुपए की ठगी की है। पीड़ित पेशे से आरटीओ एजेंट है। जालसाज ने आरटीओ एजेंट को उसके अकाउंट से लाखों रुपए का मनी लांड्रिंग होने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। मोतीनगर निवासी शरद तिवारी ने अज्ञात के खिलाफ डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। शरद ने पुलिस को बताया है कि उसके पास 15 फरवरी को अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना परिचय राजवीर शेखावत बताते हुए अपने आपको मुंबई एसीबी का डीसीपी बताया। झांसा में लेने के बाद जालसाज ने शरद को उसके अकाउंट से आपराधिक लेन-देन होने का झांसा देते हुए मनी लांड्रिंग का केस दर्ज होने का झांसा दिया।

### झांसा में लेने के बाद पूरे परिवार को किया डिजिटल अरेस्ट

*अपने जाल में फंसते देख जालसाज ने फर्जी गिरफ्तारी वारंट शरद के मोबाइल में वाट्सएप कर परिवार सहित डिजिटल अरेस्ट करने की जानकारी दी। इसके बाद जालसाज ने शरद को उसके अकाउंट की जांच करने के नाम पर उनसे गिरफ्तारी से बचने तथा अकाउंट की जांच करने के नाम पर अलग-अलग अकाउंट में लौटाने का झांसा देकर रकम ट्रांसफर कराया।*

### जालसाज एफडी में सेंध लगाने की तैयारी में

*जालसाज शरद के अकाउंट से ठगी करने के बाद उसके एफडी पर सेंध लगाने की फिराक में था। इसलिए उसने शरद को उसके एफडी के बारे में जानकारी हासिल कर एनओसी दिलवाने के नाम पर एफडी की रकम अपने अकाउंट में ट्रांसफर करने दबाव बनाया। इस दौरान शरद को अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ और उसने जालसाज का कॉल रिसीव करना बंद कर ठगी की शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंचा।*

### वारंट तामिली से लेकर गिरफ्तारी मैनुअल होती है

किसी अपराध में शामिल अपराधी या संदिग्ध को पुलिस कोर्ट के माध्यम से वारंट जारी कराती है। वारंट जारी होने के बाद उसकी तामिली पुलिस के सिपाही द्वारा मैनुअली की जाती है। वारंट तामिल होने के बाद भी आरोपी या संदिग्ध कोर्ट या संबंधित थाने में जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराता है, तो इस स्थिति में उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाता है। पुलिस किसी को कानूनन डिजिटल अरेस्ट नहीं करती। इस संबंध में पुलिस सोशल मीडिया के साथ अन्य प्लेटफार्म में जन जागरूकता अभियान भी चलाती रहती है। बावजूद इसके जालसाज भोले-भाले लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने का भय दिखाकर ठगी का शिकार बना रहे हैं।

## बढ़ती गर्मी, 34 डिग्री तक पहुंचा तापमान रात में हल्की ठंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गर्मी अपना असर दिखाने वाली है और इसके संकेत दिन के बढ़ते तापमान के रूप में नजर आ रहा है। बुधवार को रायपुर के 33.8 को पीछे छोड़कर नांदगांव का तापमान 34 डिग्री तक पहुंच गया। रात का न्यूनतम तापमान भले ही राज्य में 15 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया हो मगर हल्की ठंड अभी भी बरकरार है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मौसम शुष्क होने की वजह से दिन में धूप अपना असर दिखा रहा है जिससे बढ़ती गर्मी का अहसास हो रहा है। पिछले तीन दिन से रायपुर का तापमान राज्य में सबसे अधिक था मगर बुधवार को राजनांदगांव के पारा ने इसे क्रास कर दिया। अभी राज्य में गर्मी का प्रभाव मैदानी इलाके में तेजी से बढ़ने की संभावना है। मार्च के दूसरे पखवाड़े में यहां तेज गर्मी का असर होगा।



# छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो सीटों के लिए 26 से नामांकन

9 अप्रैल को केटीएस तुलसी और फूलोदेवी का कार्यकाल हो रहा पूरा

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अप्रैल में सेवानिवृत्त होने वाले राज्यसभा सदस्यों की रिक्त सीटों को भरने के लिए द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा कर दी गई है। इसके माध्यम से देश के 10 राज्यों में कुल 37 राज्यसभा सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की कुल 5 सीटों में से 2 सदस्यों,केटीएस तुलसी और फूलो देवी नेताम का कार्यकाल 9 अप्रैल को पूर्ण हो रहा है। इन दोनों सीटों के रिक्त होने के कारण निर्वाचन की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यसभा के द्विवार्षिक निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचन के लिए 26 फरवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी।



### मतपत्र में बैगनी रंग के स्कैच पेन का उपयोग

सभी विधायक मतपत्र के माध्यम से मतपेटी में अपना मत प्रदान करेंगे। मतपत्र पर वरीयता अंकित करने के लिए केवल निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रदान किए गए बैंगनी रंग के स्केच पेन का उपयोग किया जाएगा। किसी अन्य पेन का उपयोग मान्य नहीं होगा। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया की कड़ी निगरानी की जाएगी।

### विधानसभा सचिव होंगे रिटर्निंग ऑफिसर

राज्यसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र 26 फरवरी से 5 मार्च तक पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में निर्धारित स्थान पर रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन में राज्य के कुल 90 विधानसभा सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें भारतीय जनता पार्टी के 54, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 35 तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के एक सदस्य शामिल हैं।

## चावल की खरीदी के बाद दलालों को अधिक दाम पर बेच रहे हैं

# तराजू में बाट को चढ़ाकर एंट्री, राशन दुकानों में चावल की खरीदी-बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के शासकीय उचित मूल्य की कई दुकानों में चावल की खरीदी-बिक्री हो रही है। जो कार्ड धारक चावल का इस्तेमाल नहीं करते, वे चावल को दुकान संचालक के पास ही उनके द्वारा निर्धारित दाम पर बेच रहे हैं। दुकान संचालक भी कम दाम में कार्ड धारक से चावल की खरीदी के बाद दलालों को अधिक दाम पर बेच रहे हैं। इससे दुकान संचालकों को भी मुनाफा हो रहा है। इधर राशन दुकान में जहां चावल की खरीदी-बिक्री की हो रही है, वहीं ऑनलाइन एंट्री में हितग्राही को वितरण करना शो हो रहा है, क्योंकि दुकानदार तराजू में चावल के बदले उसके वजन का बाट को चढ़ा रहा है। कुछ दुकानों में तो बाट की जगह वजन के बराबर चावल से भरी एक ही बोरी को बार-बार चढ़ा कर वजन किया जा रहा है।



### जांच कर कार्रवाई करेंगे

शासकीय उचित मूल्य दुकान में पीडीएस चावल की खरीदी-बिक्री का विडियो या शिकायत अभी विभाग को नहीं मिली है। अगर विडियो या शिकायत आएगी, तो इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
- **भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर

### चावल की खरीदी-बिक्री का विडियो आया सामने

उचित मूल्य की दुकानों में चावल की खरीदी-बिक्री के दो विडियो हरिभूमि के हाथ लगे हैं। ये दोनों विडियो राजधानी रायपुर के अलग-अलग वार्ड में संचालित उचित मूल्य की दुकान के बताए जा रहे हैं। इनमें एक विडियो में इलेक्ट्रानिक तराजू में दुकान का कर्मचारी चावल की जगह बाट को चढ़ाने के बाद कार्ड धारक से ईपॉस मशीन में थम लगवा रहा है, उसके बाद उसे चावल के बदले पैसे दे रहा है। एक अन्य विडियो में एक राशन दुकान में एक हितग्राही के कार्ड की एंट्री करने के दुकान कर्मचारी उसे चावल के बदले पैसे दे रहा है। ये दोनों विडियो इस बात का प्रमाण है कि कई उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों को वितरण किए जाने वाला पीडीएस चावल को बेचा और खरीदा जा रहा है।

### पीडीएस चावल की 20 से 32 रुपए प्रति किलो तक खरीदी-बिक्री

सूत्रों से पता चला कि पीडीएस चावल को राशन दुकानदार 20 रुपए से लेकर 22 रुपए प्रति किलो की दर से हितग्राही से खरीदी कर रहे हैं, वहीं बाद में उसी चावल को दलालों को वे 24 रुपए से लेकर 26 रुपए प्रति किलो तक बेच रहे हैं। इधर दलाल भी दुकानदारों से चावल खरीदी के बाद उसी चावल को 30 से 32 रुपए प्रति किलो तक कुछ राइस मिल से लेकर पोहा मिल, इडली-दोसा के व्यवसायियों को बेच रहे हैं।

### सस्पेंड- एफआईआर का प्रावधान

विभागीय सूत्र के अनुसार अगर कोई शासकीय उचित मूल्य की दुकान में चावल की खरीदी-बिक्री होती है, तो इसके लिए दुकान को सस्पेंड करने के साथ उसके संचालक और विक्रेता के विरुद्ध एफआईआर किए जाने का भी प्रावधान है। हालांकि देखना है कि इस मामले में विभाग क्या कार्रवाई करता है।

# प्राथमिक शाला कुहरी में संचालित स्कूल बचत बैंक के 10 वर्ष पूरे

## प्राथमिक स्तर पर बच्चों में बचत, मितव्ययिता की आदत विकसित करने का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्राथमिक शाला कुहरी संकुल केंद्र छपोराडीह का निरीक्षण बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने किया। जहां शत प्रतिशत बच्चे उपस्थित मिले। 95 प्रतिशत बच्चों को पठन कौशल एवं गणितीय कौशल का ज्ञान है। शेष बच्चों के लिए गतिविधि आधारित शिक्षा प्रदान दिया जा रहा है।

अवसर पर शिक्षकों ने बीआरसीसी को दस वर्ष की उपलब्धियों को बताया। इसमें प्राथमिक स्तर पर बच्चों में बचत, मितव्ययिता एवं वित्तीय साक्षरता की आदत विकसित करने के उद्देश्य से वर्ष 2016 में प्राथमिक शाला कुहरी में स्कूल बचत बैंक की अभिनव पहल प्रारंभ की गई। इस वर्ष इस पहल के सफल 10 वर्ष पूर्ण हुए हैं। शिक्षकों ने बताया कि कक्षा पहली में जैसे ही बच्चे का प्रवेश होता है, उसे उसके नाम का स्टीकर लगी एक गुल्लक प्रदान की जाती है। सभी बच्चों की गुल्लक प्रधानपाठक कक्ष में निर्धारित रैक में सुरक्षित रखी जाती हैं। बच्चे अपने दैनिक खर्च से बचाई गई राशि स्वेच्छा से अपनी गुल्लक में डालते हैं। यह बचत प्रक्रिया निरंतर पांच वर्षों तक चलती है। जब विद्यार्थी कक्षा पाँचवीं उत्तीर्ण करता है, तब उसकी अंक सूची प्रदान करते समय उसके पालक की उपस्थिति में उसकी गुल्लक भी औपचारिक रूप से उसे सौंपी जाती है। पालक और विद्यार्थी उस गुल्लक को अपने घर ले जाकर खोलते (फोड़ते) हैं तथा संचित राशि का उपयोग कक्षा छठवीं में प्रवेश के समय आवश्यक शैक्षणिक सामग्री (कॉपी, अन्य पुस्तक, बैग आदि) क्रय करने में करते हैं।

### बचत बैंक का उद्देश्य

बच्चों में दीर्घकालीन बचत की आदत विकसित करना, मितव्ययिता एवं आर्थिक अनुशासन का संस्कार देना, गणित को व्यवहारिक एवं रोचक बनाना एवं आत्मनिर्भरता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। विद्यार्थियों में नियमित बचत की मजबूत आदत विकसित हुई। गणितीय दक्षता एवं संख्याज्ञान में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। कक्षा छठवीं में प्रवेश के समय स्वयं की बचत से सामग्री क्रय करने का आत्मविश्वास विकसित हुआ। अभिभावकों में सकारात्मक सहभागिता एवं विद्यालय के प्रति विश्वास बढ़ा। यह पहल विद्यालय की विशिष्ट पहचान बन चुकी है।




### अनुकरणीय एवं स्थायी नवाचार

विकासखंड महासमुंद के प्राथमिक शाला कुहरी (संकुल केंद्र छपोराडीह) द्वारा संचालित स्कूल बचत बैंक एक अनुकरणीय एवं स्थायी नवाचार है, जो पिछले 10 वर्षों से निरंतर सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। प्रवेश से लेकर कक्षा पांचवीं तक बचत की यह यात्रा बच्चों को आर्थिक साक्षरता, गणितीय दक्षता एवं आत्मनिर्भरता की अमूल्य सीख प्रदान करती है। यह मॉडल अन्य विद्यालयों में भी अपनाए जाने योग्य प्रेरणादायी पहल है।

## खबर संक्षेप



### ग्राम स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत सिरपुर को धूम्रपान मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के उद्देश्य से सिरपुर में ग्राम स्तरीय समन्वय समिति का गठन व बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के निर्देश में बैठक का आयोजन सरपंच की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सरपंच, सचिव, उपसरपंच, पंच, शिक्षा विभाग के संकुल समन्वयक, शिक्षकगण, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण व छात्र-छात्राएं मौजूद थे। बैठक का आयोजन डीपीएम नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन व जिला नोडल अधिकारी एन टीसीपी डा छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से किया गया। बैठक के दौरान पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से धूम्रपान के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया व नशामुक्ति केंद्र व कोटपा अधिनियम के समस्त धाराओं के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही ग्राम पंचायत को धूम्रपान मुक्त करने के मापदंडों को विस्तार से समझाया गया व उससे संबंधित आईईसी वितरित की गई। विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों को शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने के मापदंडों को विस्तार से समझाया गया। तत्पश्चात मितानिनों द्वारा दीवार लेखन का कार्य पूर्ण किया गया व विद्यार्थियों के साथ रैली का आयोजन कर शपथ ग्रहण किया गया।

### 45 वारंटी गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के पश्चिम जोन के डीसीपी संदीप कुमार पटेल के निर्देश तथा एडीसीपी राहुल देव शर्मा एवं पश्चिम जोन के एसीपी के नेतृत्व में मंगलवार-बुधवार को आजाद चौक, सरस्वती नगर, कबीर नगर, पुरानी बस्ती, डीडी नगर, आमानाका, न्यू राजेन्द्र नगर, टिकरापारा एवं मुजगहन थाना क्षेत्र के फरार वारंटियों की तामिली के लिए अभियान चलाया गया। इस अभियान में इन थाना क्षेत्र से 18 स्थायी वारंटी एवं 27 गिरफ्तारी वारंटियों की तामिली की गई।

### कंपनी के नाम का फर्जी एप लोन, अपराध दर्ज

**रायपुर।** आमानाका थाना में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी प्रबंधन ने अज्ञात लोगों के खिलाफ उनकी कंपनी के नाम का दुरुपयोग करते हुए फर्जी लोन एप चलाए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पार्थिवी कंस्ट्रक्शन प्रालि के कर्मी बोधीसत्व घोष ने अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कंस्ट्रकशन कंपनी के कर्मी ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात व्यक्ति गूगल प्ले स्टोर पर डे-डे लोन और आरवी लोन नाम से एक मोबाइल एप संचालित कर रहा है, जिसमें पार्थिवी कंस्ट्रक्शन प्रालि का नाम और पुराना पता (महाराष्ट्र भवन के पास, चौबे कालोनी, रायपुर) दर्शाया गया है। आरोप है कि उक्त एप के माध्यम से लोगों को लोन देने के नाम पर आर्थिक धोखाधड़ी की जा रही है, जिससे कंपनी की साख प्रभावित हो रही है।

### निधन

#### पंचराम भास्कर

**महासमुंद।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल



सिरपुर निवासी रिटायर्ड डिप्टी रेंजर पंचराम भास्कर का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ थे। वे लोकनाथ, पुलिसकर्मी गिरधारी लाल एवं यशवंत भास्कर के पिता थे।

# बागबाहरा तहसील साहू संघ का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में बागबाहरा तहसील साहू संघ का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह का आयोजन माता राऊर स्थित प्रांगण में हुआ।



समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, प्रमुख अतिथि महासमुंद के पूर्व सांसद व छग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, अध्यक्षता महासमुंद जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष ढालुराम साहू, विशिष्ट अतिथि महासमुंद भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, जिला साहू संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, धरम साहू, विशेष अतिथि पिथौरा तहसील साहू संघ अध्यक्ष मनोहर साहू, महासमुंद तहसील अध्यक्ष ललित साहू, साहू संघ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष तुलाराम साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष भेखलाल साहू, पूर्व तहसील उपाध्यक्ष मोनिका साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष भुवन साहू, खल्लारी परिक्षेत्र अध्यक्ष चंदूलाल साहू, सिंघी परिक्षेत्र अध्यक्ष नोहर साहू, खल्लारी परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष सेवाराम साहू, सुवरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 1 अध्यक्ष दुबेलाल साहू, सुवरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 2 अध्यक्ष प्रेषण साहू, सुवरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 3 अध्यक्ष प्रेमलाल साहू, टेमरी परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोहरलाल साहू, तेंदूकोना परिक्षेत्र अध्यक्ष रामनारायण साहू, कौडिया परिक्षेत्र क्रमांक 1 अध्यक्ष श्यामलाल साहू, कौडिया परिक्षेत्र क्रमांक 2 अध्यक्ष रमेश साहू, कौडिया परिक्षेत्र क्रमांक अध्यक्ष बसंत साहू, भुरकोनी परिक्षेत्र अध्यक्ष राम साहू, झलप परिक्षेत्र अध्यक्ष तुकाराम साहू, चिरको परिक्षेत्र अध्यक्ष मनीराम साहू, सिंघी परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष खेमराज साहू, बागबाहरा नगर पालिका पार्षद प्रेम साहू, पार्षद मोनिका पोखराज साहू, बागबाहरा ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश रूपेश साहू, पिथौरा ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलकंठ साहू, बागबाहरा जनपद सदस्य पूजा एवन साहू, जनपद सदस्य चंद्रकला साहू, जनपथ सदस्य रूखमणी साहू, जनपद सदस्य धनंजय साहू, खल्लारी सरपंच पुष्पेंद्र साहू, उपसरपंच तारेश साहू, क्षेत्र के सरपंचगण, जनपद सदस्य व वरिष्ठ समाजिकजन आदि उपस्थित रहे।

अतिथियों के आगमन पर स्वजातीय बंधुओं ने कर्मा माता मंदिर के समीप पटाखे फोड़कर व पुष्प माला से स्वागत अभिनंदन किया। वहीं अतिथियों द्वारा मां कर्मा व मां खल्लारी मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात आयोजन स्थल पहुंच मां कर्मा के छायाचित्र में पूजन आरती कर आयोजन का शुभारंभ हुआ। पश्चात समाज के जिलाध्यक्ष ढालुराम साहू ने बागबाहरा तहसील साहू संघ अध्यक्ष एवन साहू, उपाध्यक्ष चिंता साहू, जानवी साहू, संगठन सचिव रेखराज साहू, खिलेश्वरी साहू, सचिव छबीराम साहू, कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू को शपथ दिलाई। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक मोतीलाल साहू ने समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि साहू समाज का इतिहास गौरवशाली है। इसलिए समाज के संचालन, अच्छा व्यवस्था, सामाजिक एकजुटता को लेकर बड़े बुजुर्गो के बताए मार्गों में आज की नई पीढ़ी को एकजुट होकर चलने की जरूरत है। समाज के विकास के लिए अधिक से अधिक नेतृत्व क्षमता भी जरूरी है, जो नेतृत्व क्षमता आज हमारे समाज के पास है। हमारे साहू समाज क्षेत्र, प्रदेश, देश में जन सेवा के कार्यों में हमेशा आगे रहता है। वहीं हमारे साहू समाज में रीति रिवाज की अच्छी व्यवस्था भी है। सामाजिक परंपरा, व्यवस्था, संगठन के पालन समाज के विकास व एकजुटता से समाज मजबूत हो रहा है। इसलिए आगे भी समाज के प्रत्येक व्यक्तियों में संस्कार एवं सम्मान की भावना और एक दूसरे के सहयोग के लिए एक साथ रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि महासमुंद जिला में खल्लारी क्षेत्र साहू समाज की एक अलग पहचान है। यह क्षेत्र राज्य सरकार के लिए प्रेरणा भी बना है। लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद व छग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने समाज में अनावश्यक खर्चो को कम कर नए वर्तमान नियम के अनुरूप समाज को नई दिशा देने की बात कही। साथ ही पारिवारिक घरेलू क्लेश को दूर करने भागवत कथा को अपने अंदर आत्मसात करने पर भी जोर दिया। क्योंकि, समाज के साथ अध्यात्म रूचि भी बहुत ही जरूरी है। महासमुंद के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि आजाद भारत में बजट बनाने वाले शरगुमन शेट्ठी एक तेली ही थे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की सामूहिक आदर्श विवाह को आदर्श मानकर अन्य समाज द्वारा भी इसे अपना कर शुरू करने पर जोर दिया जा रहा है। आयोजन को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। स्वागत उद्बोधन नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष एवन साहू, मंचीय संचालन सचिव छबिराम साहू, पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष चमन साहू व अंत में आभार व्यक्त पूर्व तहसील अध्यक्ष भुवन साहू ने किया।

### क्षेत्र के सामाजिकजनों का हुआ सम्मान

शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह के मौके पर तहसील साहू संघ द्वारा अतिथि, समाज रत्न, परिक्षेत्र व तहसील पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजन, समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वजातीय बंधु, क्षेत्र के पंचायत में साहू समाज से चुनकर आए सरपंचगण, पंचायत के सचिव आदि का भी सम्मान श्रीफल, मोमेंटो, शाल, गमछा से किया गया।

# रामायण महोत्सव में राममय हुआ बावनकेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम बावनकेरा में तीन दिवसीय मानसगान रामायण महोत्सव मंदिर चौक बावनकेरा में हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के कोने-कोने से मानस मंडलियों के आगमन एवं संगीतमय प्रस्तुति से समूचा गांव राममय हो गया। जानकारी देते हुए स्थानीय निवासी टेकराम सेन ने बताया कि 16 फरवरी से 18 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में रामा अनुरागी मानस परिवार सारंगपुरी धमतरी, आदिशक्ति मानस परिवार बकतरा रायपुर, राजिम लोचन मानस परिवार राजिम गरियाबंद, अंजनी नंदन मानस परिवार धमनी गरियाबंद, दीप ज्योति मानस परिवार खुसरुपाली बागबाहरा, नरतोरी महासमुंद सद्भावना मानस परिवार बिहाझर महासमुंद, भैंसमुड़ी धमतरी, तुलसी मानस परिवार सरायपाली, श्रद्घा सुमन परिवार कचना धमतरी, कुल्हरिया महासमुंद, तुलसी के बिश्वांस नागाबुड़ा गरियाबंद, रामरस मानस परिवार, उत्तर बस्तर कांकेर, कुर्रा, नवापारा रायपुर, सुरमुधा कनकबीरा सारंगढ़, सोमाईखुर्द, राजा बेमेतरा सहित विभिन्न मंडलियों ने भक्तिमय संगीत में सभी को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने बताया कि उक्त आयोजन जोरातराई रामखेड़ा, झारा एवं बावनकेरा मानस परिवार के संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिससे समूचा अंचल राममय हो गया। तीन दिवसीय रामायण महोत्सव में सरपंच डॉ. गोपाल सिंह ध्रुव, पूर्व सरपंच बसंत सिन्हा, द्रोण चंद्राकर, सामाजिक कार्यकर्ता धनेश सिन्हा, रामकुमार डड़सेना, नारायण साहू, घनश्याम यादव, जगत सिन्हा, मोकाशदार साहू, जय महामाया मानस परिवार अध्यक्ष साकेत चंद्राकर, सचिव भागवत सिन्हा, आचार्य पारसनाथ सेन, गणेश लोधी, तोसूराम साहू, ईष्ट यदु, हेमराज सिन्हा, चुरामन सेन, गजेंद्र यादव, नेतराम दीवान सहित समस्त ग्रामवासियों ने समुचित व्यवस्था भोग भंडार में बढ़-चढक़र हिस्सा लेते हुए भक्तिमय कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करने डोर-टू-डोर लगाए जाएंगे डिजिटल नंबर प्लेटः निखिलकांत



**महासमुंद।** नगरपालिका को डिजीटल बनाने की दिशा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की सराहनीय पहल के बीच एक सुखद खबर सामने आई अब पालिका क्षेत्र के हर घर में डिजिटल नंबर प्लेट, क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। जिससे कर दाताओं को पालिका द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के अलावा टैक्स भुगतान के लिए दफ्तर का चक्कर लगाने से छुटकारा मिलेगी। ज्ञात हो कि डिजिटल नंबर प्लेट लगाए जाने के सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के पूर्व ही नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका दफ्तर में ऑनलाइन भुगतान सेवा शुरू कर नागरिकों को राहत प्रदान की थी। नपाध्यक्ष साहू की यह पहल डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप है। जिसका लक्ष्य सरकारी सेवाओं को आसान और पारदर्शी बनाना है। नपाध्यक्ष ने बताया कि पालिका क्षेत्र के घरों में अब शीघ्र डिजिटल नंबर प्लेट लगाए जाएंगे। इसके लिए पूर्व में पालिका द्वारा जीआईएस सर्वे संपन्न किया जा चुका है। घर-घर डिजिटल डोर नंबर लगाने सर्वेयर भी निकाय में आ चुके हैं। जिनके द्वारा वार्डों में डिजिटल डोर सर्वे किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने उक्त संबंध में समस्त नगरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए बताया कि यह कार्य पालिका क्षेत्र के करदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर कराया जा रहा है। शीघ्र ही इसकी शुरुआत होगी। नंबर प्लेट में क्यूआर कोड लगा होगा। जिसकी मदद से उपभोक्ता पालिका द्वारा प्रदत्त सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इसी के साथ नंबर प्लेट पर एक यूनिक नंबर भी दिया होगा। साहू ने बताया कि डिजिटल नंबर प्लेट लगाने से आगजनी की शिकायत, घरों से कचरा नहीं उठने आदि की शिकायत पर कर्मचारियों को घर ढूंढ़ने में कोई परेशानी नहीं होगी। क्यूआर कोड से मकान मालिक का नंबर भी जुड़ा होगा। ऐसे में फोन करते ही पालिका को फोन करने वाले व्यक्ति की पूरी जानकारी मिल जाएगी। यूनिक नंबर प्लेट में वार्ड, मकान मालिक का नाम और मकान नंबर लिखा होगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में शहर की सभी मकानों, भवनों और कांप्लेक्स का जीआइएस सर्वे कराया गया था। डिजिटल नंबर प्लेट घरों में लगने से लोगों को घर बैठे मकान टैक्सट, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, नल कनेक्शन, नामांतरण, भवन निर्माण अनुज्ञा, वाटर हार्वेस्टिंग, नियमितीकरण, पुलिस, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, विवाह पंजीयन, आय, मूल निवास, जाति, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समेत 26 तरह की सेवाएं मिलने लगेंगी। इन सेवाओं के लिए घर से ही आवेदन किया जा सकेगा। इस पहल से कर दाताओं को संपत्ति कर, समेकित कर, जल कर सहित अन्य कर ऑनलाइन जमा करने में सुविधा होगी तथा पालिका कार्यालय तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# वीबी जी राम जी योजना गांवों के विकास के लिए, कांग्रेस जनता को भ्रमित कर रही : प्रेम

**महासमुंद।** प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल प्रेम चंद्राकर ने कहा कि मनरेगा की जगह लेने वाले विकसित भारत, गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण जो पूरे भारत में 1 अप्रेल से लागू होगा। विकसित भारत.रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण, विधेयक) 2025 या वीबी जी राम जी विधेयक 2025 मौजूदा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम एमजीएनआरईजीए में एक बड़ा बदलाव प्रस्तावित करता है। इसका उद्देश्य विकसित भारतए 2047 की परिकल्पना के अनुरूप एक आधुनिक वैधानिक ढांचा स्थापित करना है।

ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ आजीविका, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। इसमें एक वित्तीय वर्ष में गारंटीकृत वेतन रोजगार के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 करने का प्रस्ताव है। कांग्रेसी वीबी.जी राम जी योजना के बारे में गलत जानकारी फैलाकर जनता को भ्रमित करने का काम कर रही है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस ने अपने विचार धारा और आदर्श को त्याग दिया है। जबकि मोदी की सरकार के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है, केवल और केवल देश के विकास के लिए समर्पित है। वीबी जी राम जी योजना गांवों के विकास के लिए है। जबकि, कांग्रेस ने भी अपने शासनकाल में कई योजनाओं के नाम बदले थे। कांग्रेस ने पहले 1989 में जवाहर रोजगार का नाम रखा था और 1999 में जवाहर रोजगार समृद्धि योजना रखा, 2001 में संपूर्ण ग्रामीण रोजगार



योजना और 2006 में नरेगा फिर 2009 में मनरेगा रखा गया। अगर कांग्रेस के समय भी नाम परिवर्तन हुए तो अब विरोध क्यों। यूपीए सरकार 2006 में रोजगार गारंटी योजना के लिए 11300 करोड़ के बजट का प्रावधान किया था। जबकि, मोदी सरकार 2014 में 33000 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया। नाम परिवर्तन हुआ है, कॉन्सेप्ट में कोई बदलाव नहीं किया गया। इस योजना में डिजिटल भुगतान से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। रोजगार गारंटी योजना के लिए यूपीए 2006 से 2014 तक सिर्फ 2 लाख करोड़ खर्च किया। जबकि, मोदी सरकार ने 10 साल में 8 लाख 53 हजार करोड़ खर्च किए। रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण में जल संबंधी कार्यों के माध्यम से जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका संबंधी बुनियादी ढांचा जैसे कार्य किए जाएंगे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को 100 की जगह अब सालाना 125 दिनों का सुनिश्चित रोज़गार, तेजी से भुगतान और बेहतर आजीविका के लिए है। कार्यों की पारदर्शी निगरानी के लिए जीपीएस, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और मोबाइल.आधारित रीयल.टाइम मॉनिटरिंग का उपयोग। साप्ताहिक भुगतान श्रमिकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली को मजबूत बनाया गया है। मांग करने के बावजूद काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान। यह योजना श्विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाने का प्रयास है। यह योजना ग्रामीण भारत में रोजगारए आजीविका और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए है। यह दैनिक मजदूरी मौजूदा 349 रुपए से बढ़ाकर 370 रुपये प्रति व्यक्ति कर दी गई है। यह संशोधित मजदूरी दरें वित्तीय वर्ष 2025.26 के प्रथम दिन अर्थात 1 अप्रैल 2025 से पूरे देश में प्रभावी हो जाएंगी। सड़कों, जल संरचनाओं और अन्य टिकाऊ सामुदायिक परिसंपत्तियों का निर्माण होगा। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण, अधिनियम 2025 का पारित होना भारत की ग्रामीण रोज़गार गारंटी व्यवस्था के एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व

**न्यायालय तहसीलदार बसना**
**जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //
क्रमांक/99/क/वा-1/तह./20......
बसना दिनाक 18.2.26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण के लिए सूचनार्थ प्रकाशन कराया जाता है कि आवेदक / आवेदिका धीरसिंग यादव पिता/पति दसरू यादव निवासी ग्राम / नगर बड़ेटेमरी तहसील बसना द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदक/आवेदिका अपने पुत्र/माता पिता गंगाराम यादव का दिनांक 07.02.2001 को स्थान बडेटमरी में जन्म हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में पुत्र/ माता/पिता गंगाराम यादव के जन्म की घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आदेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार के आक्षेप / दावा हो अथवा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 5.3.2026 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.2.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
बसना(छ.ग.)

# राज्यपाल ने रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाकर युवाओं को संगठन से जोड़ने पर दिया जोर

**महासमुंद।** रेडक्रॉस सोसायटी की नवगठित प्रबंध समिति के सदस्यों ने राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन (लोकभवन) में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियों एवं भावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। राज्यपाल ने रेडक्रॉस की सदस्यता बढ़ाकर अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने सिकल सेल बीमारी की रोकथाम के लिए व्यापक जनजागरुकता अभियान चलाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के सभापति तोमन साहू, उपसभापति रूपेश पाणिग्रही, कोषाध्यक्ष संजय पटेल, प्रांतीय प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमके राउत, सचिव अशोक अग्रवाल, जनरल सेक्रेटरी रूपल पुरुहित सहित प्रबंध समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इसी क्रम में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा, रायपुर की नवगठित राज्य प्रबंध समिति की प्रथम बैठक 18 फरवरी 2026 को आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान महासचिव रूपल पुरोहित द्वारा नवगठित प्रबंध समिति के सदस्यों का परिचय कराया गया। साथ ही रेडक्रॉस सोसायटी के नवनिर्मित भवन के संबंध में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिलों में चयनित चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, कोषाध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधियों की राज्यपाल से भेंट के लिए सम्मेलन आयोजित किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही रेडक्रॉस ब्लड बैंक के संचालन को सुदृढ़ बनाने पर भी विचार किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रेडक्रॉस राज्य शाखा एवं ब्लड बैंक के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में सुधार हेतु सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे तथा आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली लागू की जाएगी। वर्तमान में संचालित रेडक्रॉस भवन के रंगरोगन एवं आवश्यक मरम्मत कार्य, सीएसआर फंड से आवश्यक सामग्री एवं आर्थिक सहयोग प्राप्त करने, तथा बिन्नीबाई धर्मशाला को वैश्य समाज से वापस लेने एवं आयुष्मती धर्मशाला के जीर्णोद्धार के संबंध में भी चर्चा की गई।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## सिंघनपुर में आयोजित राम कथा कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर में आयोजित श्रीराम कथा, भोग भंडारा कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार ने कहा कि सनातन धर्म के धार्मिक लेखक तुलसीदास के अनुसार सर्वप्रथम श्रीराम की कथा भगवान शंकर ने माता पार्वती जी को सुनायी थी। जहां पर भगवान शंकर पार्वती को भगवान श्रीराम की कथा सुना रहे थे, वहां कागा (कौवा) का एक घोंसला था और उसके भीतर बैठा कागा भी उस कथा को सुन रहा था। कथा पूरी होने के पहले ही माता पार्वती को नींद आ गई, पर उस पक्षी ने पूरी कथा सुन ली। उसी पक्षी का पुनर्जन्म काकभुशुंडिके रूप में हुआ। काकभुशुंडि ने यह कथा गरुड़ को सुनाई। भगवान शंकर के मुख से निकली राम की यह पवित्र कथा अध्यात्म रामायण के नाम से प्रख्यात है। अध्यात्म रामायण को ही विश्व का सर्वप्रथम रामायण माना जाता है। इस अवसर पर रामेश्वर साहू, हीरालाल साहू, ललित निषाद, सुरेश, दिनेश, कार्तिक, राधेश्याम, रामलाल, सुखलाल आदि मौजूद रहे।

**निधन**

### उत्तम टोंडेकर



**महासमुंद।** स्थानीय सुभाष नगर निवासी उत्तम टोंडेकर का आकस्मिक निधन 18 फरवरी को हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। अंतिम संस्कार 19 फरवरी को किया गया। जिसमें सामाजिकजनों के साथ सर्व समाज के लोग शामिल हुए। वे गंगाप्रसाद टोंडेकर के सुपुत्र, कन्हैया टोंडेकर, उत्तरा टोंडेकर के भाई व सतनाम सेना मीडिया प्रभारी कमलेश टोंडेकर के चाचा तथा पूर्व पार्षद सोनू टोंडेकर के भतीजे थे।

**पलाश के फूल**



**अरंड (पिथौरा)।** क्षेत्र के पेड़-पौधों में फूलों का रंग देखते ही बन रहा है। पलाश (टेसू) के फूल होली पर्व आने का एहसास करा रहे हैं। बसंत ऋतु में पलाश के फूल लोगों को लुभा रहे हैं, इसकी खुशबू गांव तक फैल रही है। ग्राम अरंड की हारमोती ध्रुव के पुत्र दुर्गेश ध्रुव व अजय ध्रुव ने यह फोटो अपने कैमरे में कैद किया है।

## सभापति प्रकाश ने दिखाई हरी झंडी, 12 एसएचजी के 40 सदस्य हुए पूरी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना





■ 12 स्वसहायता समूहों के 40 सदस्य दिशा-दर्शन यात्रा पर रवाना, सभापति प्रकाश ने दिखाई हरी झंडी

एकीकृत बाल विकास परियोजना बसना अंतर्गत आयोजित दिशा-दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के तहत बसना ब्लॉक के 12 स्व सहायता समूहों के 40 सदस्यों को जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह भ्रमण कार्यक्रम महिला स्वसहायता समूहों के सशक्तिकरण एवं आयवर्धन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। भ्रमण के दौरान समूह की माताएं-बहनें विभिन्न सफल मॉडलों का अध्ययन कर आत्मनिर्भरता, प्रबंधन कौशल एवं आजीविका संवर्धन के नए आयाम सीखेंगी। भ्रमण पर जा रही माताओं-बहनों को सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए सिन्हा ने कहा कि यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है और ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी रामसिंह मिरी, पर्यवेक्षक उमादेवी पटेल, चंद्रिका कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं स्व सहायता समूह की महिलाएँ उपस्थित रहीं।

**स्मरण :** 396वीं जयंती पर छत्रपति शिवाजी महाराज को किया नमन

# हिंदू धर्मरक्षक थे शिवाजी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती पर 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी चौक में सुबह 8.30 बजे जिला मराठा समाज द्वारा आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम में स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए।

कार्यक्रम में विधायक ने शिवाजी महाराज को नमन करते हुए कहा कि यहां पर शीघ्र ही स्थल चयनित कर भव्य मूर्ति स्थापित करने मेरा हरसंभव सहयोग रहेगा। कार्यक्रम में नपाउपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मराठा समाज द्वारा यहां पर वर्षों से पूजा अर्चना करते हुए माल्यार्पण कार्यक्रम चौक में किया जाता है, किसी कारण से यहां पर अब तक शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापित नहीं हो पाई है, इसका दुख समाजजनों के साथ साथ मुझे भी है। साथ ही सभी हिंदू भाईयों को भी हो रहा होगा, क्योंकि, शिवाजी महाराज सिर्फ मराठा शासक ही नहीं थे बल्कि, हिंदू हृदय सम्राट हिंदू धर्म रक्षक भी थे। इनका प्रमुख लक्ष्य हिंदू सम्राज्य को पुनः स्थापित करना था। जिसमें वे सफल हुए।

समाज के संरक्षक प्रलय थिटे ने भी शिवाजी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। मराठा समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र राव घाड़गे ने उपस्थित अतिथियों को बताया कि 26 अगस्त 2007 को नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा पुराने कचहरी चौक का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज चौक के नाम पर नामकरण किया गया है। कार्यक्रम में सभी समाज सहित मराठा समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया था, तब से लेकर आजपर्यंत हम यहां पर प्रति वर्ष शिवाजी महाराज की जयंती बड़े धूमधाम से मानते आ रहे हैं और अपनी मांग रख रहे हैं। विधायक, नगर पालिका उपाध्यक्ष की उपस्थिति में यह मांग रखते हैं कि यहां पर चौक में छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वरोही आदमकद प्रतिमा स्थापित किए जाने के साथ यहां पर नवनिर्मित कांप्लेक्स को छत्रपति शिवाजी महाराज कांप्लेक्स के नाम पर रखा जाए। जिस पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज की मांग पर अपनी सहमति देते हुए आज ही कलेक्टर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर नवनिर्मित कांप्लेक्स का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर रखने की बात कही। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राजेंद्र इंगोले ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मराठा समाज अध्यक्ष राजेंद्र राव घाड़गे, उपाध्यक्ष महावीर पवार, संरक्षक प्रलय थिटे, कोषाध्यक्ष भूषण भोंसले, सलाहकार राजेंद्र इंगोले, राजकुमार पवार, संतोष भोंसले, महिला मंडल अध्यक्ष अनिता पवार, सचिव रमेश्वरी घाड़गे, ज्योति पवार, पूनम पवार, मोनिषा गड़क, ममता घाड़गे, देवेंद्र इंगोले, गौरव इंगोले, सारांस इंगोले, विनोद सेल्के, संजय सेल्के, कुलेश्वर राव गड़क, देवेंद्र काले, अनिकेत गड़क, जितेंद्र घोरपड़े, प्रियांशु घोरपड़े, प्रियंका घोरपड़े, आयुस भोंसले, प्रदीप भोंसले, रामकिशन भोयर, अभिषेक घाड़गे, नमिता घाड़गे, जयकांत सेल्के, संध्या सेल्के, मनीषा पवार, ममता माढरे, मनीषा पवार, महेंद्र पवार, कृतिका शिंदे, ऋतिका भोंसले, पारुल पवार, राहुल भोंसले, कविता भोंसले, संजय भोंसले, गोलू सेल्के, एमडी प्रधान, नारायण लाल ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के अदम्य साहस और वीरता की प्रतिमूर्ति भारत के महान वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने एक भारतीय शासक थे, जिन्होंने एक बहुत बहादुर, बुद्धिमानी, शौर्य और दयालु शासक थे। शिवाजी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने भारत देश के निर्माण के लिए बहुत से कार्य किये, वे एक महान देशभक्त भी थे, जो भारत माता के लिए अपना जीवन तक न्योछावर करने के लिए तैयार हो जाते थे।

## दुखों से बचना है तो वाणी का संयम रखें, वाणी से बनते हैं कर्मः अमोही साहेब





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ कबीर मंदिर में हुआ दो दिवसीय वार्षिक सत्संग का आयोजन

समस्या केवल व्यवहारिक जीवन में है अलौकिक जीवन में कोई समस्या नहीं होती। सोच, समझ, विचार एक जैसे लगते हैं, लेकिन तीनों अलग-अलग है ज्यादा सोचने से व्यक्ति दुखी होता है, जब समझ आ जाएगी तो लोग जागृत हो जाएंगे। इसी तरह विचार है जो लोगों को मार्ग दिखाता है। दुखों से बचना है तो वाणी का संयम रखिए, वाणी से कर्म बनते और बिगड़ते हैं। उक्त विचार रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में चल रहे दो दिवसीय वार्षिक सत्संग के अवसर पर मध्यप्रदेश बुरहानपुर से पधारे संत अमोही साहेब ने उपस्थित सत्संग प्रेमियों से कही।

उन्होंने कहा कि वाणी से मनुष्य दुखी और सुखी हो सकता है, यदि तुम्हारी वाणी सही है और संयमित है तो व्यवहार अच्छा होगा। कभी-कभी शब्दों का अर्थ जाने बिना भी हम उसे बोल जाते हैं यह भी गलत है। लेकिन जब हम अर्थ समझ जाते हैं तो उसके प्रभाव की समझ पैदा होती है। एक मां जब अपने बच्चे को गाली देती है तो वह गाली का अर्थ नहीं जानती। यदि गाली का अर्थ जिस दिन मां समझ जाएगी और गाली के अनुरूप उसका बच्चा होगा तो क्या वह मां उसे बर्दाश्त करेगी? इसलिए शब्दों को समझना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि संतों के सत्संग से मनुष्य में समझने की शक्ति पैदा होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सत्संग अवश्य करना चाहिए। अमोही साहेब ने बताया कि मानव जीवन दुर्लभ है और सौभाग्य से मिलता है, अच्छा समाज, परिवार और संस्कार मिलना सौभाग्य की बात है। यह सब अच्छे कर्मों का फल है, इसलिए हमेशा अच्छे कर्म करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आदमी के पास मानसिक चिंतन ज्यादा है, इसलिए वह ज्यादा दुखी होता है। कबीर आश्रम ढेठा धमतरी से पधारे संत बलवान साहेब ने कहा कि इच्छा और आवश्यकता दोनों में अंतर है। आवश्यकता की पूर्ति तो हो सकती है, लेकिन इच्छा ऐसा व्यसन है जिसे कोई गुरु हरा नहीं सकता। एक पूरी हुई तो दूसरा इच्छा पैदा हो जाता है। उन्होंने बताया कि भोग की चाहत से मनुष्य रोग में फंसता है। कबीर साहेब ने मनुष्य को पारख सिद्धांत बताया पहले जानो फिर मानो, यही कबीर का पारख सिद्धांत है। सद्गुणों को धारण करने से सुख की प्राप्ति होती है। प्रत्येक मनुष्य को सुख प्राप्त करना है तो उसे विवेकी और विचारवान बनना होगा। कोई भी गुरु वासना और तृष्णा मुक्त नहीं कर सकता। दोनों से मुक्त तुम स्वयं सकते हो, इसके लिए तुम्हें स्वयं ही प्रयास करना होगा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को सुंदर तरीके से जीने की कला आनी चाहिए, अपने दुख और सुख का कारण मनुष्य स्वयं है। भुनेश्वर साहेब में सुंदर भजन प्रस्तुत किया। सत्संग उपरांत कबीर साहेब की आरती हुई और महाप्रसादी का वितरण किया गया।

# जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है रासलीला : स्वामी राजीव लोचन

## बेमचा गुलाब बाड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं की कथा सुन झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रचित रासलीला जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। यह केवल नृत्य नहीं, बल्कि प्रेम, भक्ति और आत्मा का परमात्मा में लीन होने की परम अवस्था है। उक्त उद्गार आज ग्राम बेमचा स्थित गुलाब बाड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं की कथा सुनाते हुए व्यक्त किए। महाराज राजीव लोचन ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रचित रासलीला पर लोग व्यंग्य करते हैं, कि उन्होंने गोपियों के साथ रास लीलाएं की। वास्तविकता यह है कि वृंदावन की गोपियां पूर्व के कई जन्मों में संत, महात्मा, भगवान के भक्त थें। पूर्व के जन्मों में भगवान के दर्शन से वंचित महात्माओं को भगवान ने वृंदावन में गोपियों के रूप में भेजा था। भगवान ने उनकी जन्मों-जन्म के तृष्णा को दूर किया था। रासलीला भी भक्त और भगवान के बीच अटूट श्रद्धा व भक्ति का संगम है। भगवाताचार्य ने आज के परिदृश्य में गरबा, डांडिया नृत्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गरबा और डांडिया के नाम पर अश्लीलता परोसा जा रहा है। विधर्मी, जिहादी मानसिकता के लोग हिंदू धर्म, सनातनी परिवार के बच्चियों को बहलाकर गलत मार्ग पर ले जाते हैं। ऐसे गरबा नृत्यों पर सख्त प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपने घर की बेटियों को गरबा के नाम पर चल रहे अश्लील नृत्यों में जाने की कदापि अनुमति ना दें। हमारी बेटियों के भोलेपन, मासूमियत का गलत फायदा विधर्मी उठाते हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों का सामूहिक बहिष्कार पर बल दिया। भगवताचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं, श्रीराम के बाल लीलाओं का वर्णन कर अनेक भक्तियम भजनों के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। भगवान के भजनों में पंडाल में उपस्थित माताएं-बहनें, श्रोता झूमते दिखे। कथा श्रवण करने राष्ट्रीय महिला कुर्मी समाज की अध्यक्ष लता ऋषि चंद्राकर, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डा. रश्मि चंद्राकर, तारा चंद्राकर, नीलम चंद्राकर, प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष एवं बागबाहरा जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष जान्हवी साहू, डा. रामकुमार साहू, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पिलेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष डाली ध्रुव, पूर्व जनपद अध्यक्ष छाया चंद्राकर, वरिष्ठ नेता अरूण चंद्राकर सहित बड़ी संख्या गणमान्य जन, ग्रामीणजन व दाऊ स्व. गुलाब सिंह चंद्राकर परिवार के आयोजकगण द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, जानकी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, संगीता राहुल चंद्राकर, निधि हर्ष चंद्राकर, आकांक्षा अनमोल चंद्राकर उपस्थित थे।

# खल्लारी के वीरांगना दुर्गावती भवन में हुआ पेंशनधारी कल्याण संघ का वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बागबाहरा का वार्षिक सम्मेलन मंगलवार को महारानी वीरांगना दुर्गावती गोंडवाना धर्मशाला भवन मेला स्थल खलारी में हुआ। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी रहे। अध्यक्षता प्रांतीय पदाधिकारी रुपेश तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि हीराधर सोम, आरपी पांडे, भुलउ राम साहू रहे।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के तैल्य चित्र में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात तहसील इकाई बागबाहरा के सदस्यों का मनोनयन किया गया। जिसमें संरक्षकगण हीराधार सोम, आरपी पांडे, राजेश्वर प्रसाद बैपारी, कल्याण सिंह बरिहा, उपाध्यक्षद्वय चमन लाल साहू, भूलउ राम साहू, सहसचिव राधेश्याम बागर्ती, संगठन मंत्री भूषण लाल साहू, प्रचार सचिव चमन लाल साव, कार्यकारणी सदस्य चंद्रभान सिंह कश्यप, उमेंद्र बरिहा, गोपाल सिंह ठाकुर, जमन बाई ठाकुर, मेमलाल बघेल का मनोनयन किया गया। 80 वर्ष के ऊपर वाले सदस्य हीराधार सोम, आरपी पांडे, राजेश्वर प्रसाद बैयारी एवं नए सदस्य मोहन सिंह दीवान उमेंद सिंह बरिहा, कोमल साहू, ओलाराम साहू को अंग वस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष द्वारा प्रांतीय सम्मलेन 2026 में महासमुंद में करने की जिम्मेदारी लिया गया है। इसके लिए महासमुंद जिले के सभी विकासखंडों से आर्थिक सहयोग लेने का आह्वान किया गया। जिसके अंतर्गत बागबाहरा इकाइयों के सदस्यों ने आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन रुपेश तिवारी और उमराव सिंह ध्रुव ने किया। बैठक में अशोक गिरी गोस्वामी, रुपेश तिवारी, थानसिंह ठाकुर, हीराधर सोम, आरपी पांडे, कल्याण सिंह बरिहा, राजेश्वर प्रसाद बैयारी, चंद्रभान सिंह कश्यप, रघुनाथ सिन्हा, सलमान दीवान, बलराम ध्रुव, भाव सिंह नेताम, भुलउ राम साहू, चमन चंद्राकर, मनराखन लाल ध्रुव, राधेश्याम बागर्ती, कुंजलाल दीवान, केके चंद्राकर, जयन बाई ठाकुर, मेमलाल बघेल, उमेंद्र सिंह बरिहा आदि मौजूद रहे।





